Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to complete the work of widening the roads going to Chitrakoot from Jhansi and Mirzapur.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा): माननीय सभापति जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के बहुत महत्वपूर्ण विषय को सदन में रखना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल चित्रकूट धाम है। झांसी, मिर्जापुर से कई रोड्स ऐसी हैं, जो सीधे चित्रकूट से जुड़ती हैं जो केवल दो-चार किलोमीटर लंबी हैं। उत्तर प्रदेश की पूर्व सरकार ने इन सड़कों के चौड़ीकरण के लिए चहेते ठेकेदारों को ठेका दिया। वीड़ी पुलिया से सीतापुर, सुरामपुर से सीतापुर, सुरामपुर से खोही का काम अधूरा पड़ा है। ठेकेदार पता नहीं कहां चले गए। बरसात के दिनों में यहां बहुत दिक्कत है। यहां गड्ढे हो गए हैं। यहां रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं और दर्जनों लोगों की जानें जा चुकी हैं।

मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि राज्य सरकार से बात करके इसका कोई हल ढूंढे । पर्यटन में रामायण सर्किट में इसे लिया गया है। पर्यटन या तीर्थ स्थल विकास के फंड ये इस काम को पूरा कराया जाए ।